




नवभारत 04
इंदौर, शनिवार, 27 जून 2026


## एक नजर में

### पुल से कूदकर महिला ने की खुदकुशी की कोशिश डायल 112 के जवानों ने बचाया



**शाजापुर, 26 जून.** कोतवाली थाना क्षेत्र में गोपीपुर पुलिया पर एक महिला ने कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया. महिला मानसिक रूप से कमजोर और मृकबधिर बताई जा रही है. सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और महिला की जान बचा ली. महिला को शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे की बताई जा रही है. डायल-112 टीम में प्रधान आरक्षक अशोक और पायलट विजय शामिल थे. उन्होंने सूझबूझ का परिचय देते हुए महिला को समझाया और सुरक्षित रूप से पुलिया से नीचे उतारा. इसके बाद उसे वे जिला अस्पताल ले गए. जहां महिला का इलाज किया जा रहा है. आत्महत्या करने पहुंची महिला की पहचान भरड़ निवासी कोमल पति रवि के रूप में हुई है. बताया गया कि वह मानसिक रूप से कमजोर है और घटना के समय किसी बात से घबराई हुई थी. वह बोलने में भी असमर्थ है. जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे भर्ती कर लिया गया है.

**ननद ने भी किया आत्महत्या का प्रयास**

महिला के परिवार में पहले से ही तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है. बताया जा रहा है कि उसके पति रवि की बहन निशा ने पारिवारिक विवाद के चलते एसिड पी लिया था. गंभीर हालत में उसे पहले जिला अस्पताल लाया गया था. जहां डॉक्टरों ने इंदौर रैफर करने की सलाह दी थी. हालांकि परिजनों के आग्रह पर उसका इलाज फिलहाल शाजापुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है.

### अलग-अलग हादसों में मासूम सहित दो घायल



**शाजापुर, 26 जून.** जिले में शुक्रवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक और एक बच्चा घायल हो गए. दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मासूम को एम्बुलेंस चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया. पहला हादसा शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे निपानिया डाबी के पास हुआ. पचोला बनहल निवासी शिवम काम से लौट रहा था. तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे शिवम घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया. जहां उसका इलाज जारी है. दूसरा हादसा शाजापुर शहर की आदर्श कॉलोनी स्थित गोहिल अस्पताल के बाहर हुआ. यहां सड़क किनारे खड़े मोहम्मद शेख सयान नामक बच्चे को 108 एम्बुलेंस ने टक्कर मार दी. बताया जा रहा है कि एम्बुलेंस चालक किसी मरीज को लेने आया था. वाहन आगे बढ़ाते समय बच्चा उसकी चपेट में आ गया, जिससे उसके सिर और माथे पर चोटे आई. बच्चे के परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद जब उसके पिता ने एम्बुलेंस को रोकने की कोशिश की, तब चालक मरीज को वाहन में बैठाकर वहां से चला गया. घायल बच्चे का जिला अस्पताल में उपचार जारी है.

### हाईवे से हटेगा अतिक्रमण, फल विक्रेताओं को दी चेतावनी




**शाजापुर, 26 जून.** यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का शुक्रवार को शुभारंभ कर दिया. फिलहाल पुराने डिपो के सामने ठेले लगाने वालों को चेतावनी दी गई है. इसके बाद भी ठेले न हटाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उनका सामान जब्त कर लिया जाएगा. दरअसल, पिछले कई दिनों से बस डिपो के पास बड़ी संख्या में फल और सब्जी के ठेले लग रहे थे, जिससे सड़क संकरी हो गई थी. बसों के लगातार आने-जाने के कारण इस क्षेत्र में अक्सर जाम की स्थिति बन रही थी, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. यातायात थाना प्रभारी सौरभ शुक्ला ने बताया कि सड़क पर अतिक्रमण के कारण किसी भी समय बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है. उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है.

### सूने मकान में हाथ साफ कर गए बदमाश



**शाजापुर, 26 जून.** जिले के ग्राम रामपुरा मेवासा के एक सूने मकान से बदमाश आभूषण व नगदी चुरा ले गए. बदमाश नकूचा तोड़कर घर में घुसे और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. फरियादी महेश सेन ने बताया कि गांव में उनके दो मकान हैं. एक मकान में वे परिवार के साथ रहते हैं, जबकि पास के कच्चे मकान में गाय बांधते हैं और वहीं गृहस्थी का सामान रखा रहता है. 24 जून की रात भोजन करने के बाद परिवार सो गया था. अगले दिन सुबह उनके भाई बाबूलाल गाय का दूध निकालने पहुंचे, तो कच्चे मकान के दरवाजे की कड़ी टूटी मिली. अंदर जाकर देखने पर सामान रखने वाली बड़ी पेटी का नकूचा उखड़ा हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था. फरियादी के अनुसार घर से बदमाश लगभग 300 ग्राम चांदी की पायजेब, करीब 100 ग्राम अन्य चांदी के आभूषण, पीतल के बर्तन, 5 हजार रुपए नकद और एक पुराना मिक्सर ग्राइंडर चुरा ले गए. जिसकी अनुमानित कीमत करीब 15 हजार बताई जा रही है. महेश ने बताया कि आसपास तलाश करने के बाद भी जब सामान नहीं मिला, तो महेश सेन ने सुनेरा थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# अंडरब्रिज में भरा पानी, आवागमन ठप

## मानसून की धमाकेदार दस्तक, कई मार्गों पर जलभराव व गंदगी से बढ़ी परेशानी

**शुजालपुर, 26 जून. लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को मानसून ने शुजालपुर क्षेत्र में दमदार दस्तक दी. सुबह से दोपहर करीब 12 बजे तक तेज धूप और उमस ने लोगों को बेहाल रखा, लेकिन दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली. देखते ही देखते आसमान काले बादलों से घिर गया और तेज गर्जना के साथ करीब दो घंटे तक झमाझम बारिश हुई. मानसून की पहली जोरदार बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली तथा मौसम पूरी तरह सुहावना हो गया.**




अंडरब्रिज में जमा हुआ बारिश का पानी

हालांकि इस बारिश के कारण रेलवे अंडरब्रिज में बड़ी मात्रा में पानी भर गया. दोपहर बाद स्थिति ऐसी हो गई कि अंडरब्रिज से आवागमन पूरी तरह बंद करना पड़ा. रेलवे फ टक बंद होने के दौरान हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. भारी वाहनों, बसों और दोपहिया चालकों को काफी देर तक जाम में फंसना पड़ा. इससे लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ा. बारिश के चलते नगर की सड़कों पर चहल-पहल कम हो गई. कई लोग बारिश का आनंद लेते नजर आए, वहीं बच्चों ने भी भीगकर मौसम का स्वागत किया. लगातार हुई वर्षा से तापमान में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई. अधिकतम तापमान घटकर करीब 32 से 33 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जिससे वातावरण में ठंडक घुल गई. मानसून की अच्छी शुरुआत से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं. क्षेत्र में अब तक करीब 40 प्रतिशत कृषि भूमि पर खरीफ फसलों की बुवाई हो चुकी है. इनमें सर्वाधिक रकबा सोयाबीन का है. किसानों का कहना है कि समय पर हुई बारिश से बुवाई कार्य में तेजी आएगी और फसलों की अच्छी शुरुआत होगी.

### सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग...

स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने नगर पालिका से वर्षा ऋतु को देखते हुए नालियों की नियमित सफाई और जल निकासी व्यवस्था में सुधार की मांग की है. उनका कहना है कि मानसून की शुरुआत में ही यह स्थिति है, ऐसे में लगातार बारिश होने पर समस्या और गंभीर हो सकती है.

### जल निकासी व्यवस्था की खुली पोल...

बारिश ने जहां मौसम खुशनुमा बना दिया, वहीं नगर की जल निकासी व्यवस्था की भी पोल खोल दी. कई निचले इलाकों में पानी भर गया. नालियों की समय पर सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बहता रहा, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा. महात्मा गांधी मार्ग पर पानी की टंकी के सामने सकरी नाली अधिक पानी का दबाव नहीं झेल सकी. इसके चलते नाली का गंदा पानी और कीचड़ सड़क पर फैल गया. कई दुकानों के सामने बदबूदार कीचड़ जमा हो गया, जिससे दुकानदारों को ग्राहकों की आवाजाही में दिक्कत हुई और राहगीरों को भी परेशानी झेलनी पड़ी.

### नगर निकाय चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस

**शुजालपुर, 26 जून.** आगामी नगर निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर कांग्रेस ने संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी है. इसी क्रम में शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शुजालपुर सिटी मंडलम एवं मंडी मंडलम की संयुक्त बैठक रविवार 28 जून को आष्टा रोड स्थित तनिषि गार्डन में आयोजित की जाएगी. बैठक में नगर के सभी वार्ड अध्यक्ष, बीएलए-2, पार्षद, पूर्व पार्षद, वर्ष 2023 के पार्षद प्रत्याशी, कांग्रेस पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता शामिल होंगे. बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, आगामी चुनावों की रणनीति तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर चर्चा की जाएगी. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस पठान, मंडी मंडलम अध्यक्ष अशोक अग्रवाल तथा सिटी मंडलम अध्यक्ष बल्ला सोनी ने सभी कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है.

## मुख्य सचिव ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीसी से की समीक्षा

**शाजापुर।** प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मंत्रालय में वरिष्ठ अधिकारियों एवं सभी जिलों के कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ वीसी के माध्यम से स्वास्थ्य एवं पोषण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, सुशासन, कानून एवं व्यवस्था, पीएनजी के अन्तर्गत गैस कनेक्शन की अद्यतन स्थिति, एमपीई सेवा पोर्टल, खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कार्यवाही चंबल संभाग, वर्तमान में पंजीकृत निर्माण स्थलों, डॉग बाईट, सीएम प्रगति पजी सेल, मोबाइल टॉवर स्थापना भूमि आवंटन, भूअर्जन प्रकरणों सहित अन्य विषयों के संबंध में विस्तारपूर्वक समीक्षा कर निर्देश दिए.

## महाविद्यालय में एबीवीपी की हेल्प डेस्क

### नवप्रवेशित विद्यार्थियों को दी प्रवेश संबंधी जानकारी

**शुजालपुर, 26 जून. नए शैक्षणिक सत्र के तहत महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की सुविधा के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी की ओर हेल्प डेस्क लगाई गई. इसके माध्यम से विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन और दस्तावेजों के सत्यापन संबंधी जानकारी एवं आवश्यक सहयोग प्रदान किया.**




इस अवसर पर परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया गया. कार्यक्रम में नोडल प्रवेश अधिकारी एवं नगर अध्यक्ष मुकेश मेवाड़ा ने कहा कि नए विद्यार्थियों को प्रारंभिक दिनों में सही मार्गदर्शन मिलना आवश्यक है, ताकि उन्हें प्रवेश प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े. उन्होंने कहा कि परिषद के कार्यकर्ता हेल्प डेस्क के माध्यम से विद्यार्थियों की हर संभव सहायता कर रहे हैं. साथ ही सभी से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया. महाविद्यालय अध्यक्ष चेतना वैष्णव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले कई विद्यार्थियों को महाविद्यालय की व्यवस्थाओं और प्रवेश संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी नहीं होती. ऐसे में हेल्प डेस्क उनके लिए उपयोगी साबित हो रही है. कार्यक्रम के दौरान परिषद के कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में नवप्रवेशित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही.

## मंडी में मोहर्रम का समापन, सिटी में आज होगा विसर्जन

### हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए निकाला चल समारोह

**शुजालपुर, 26 जून. इस्लामी तारीख के हिसाब से यूं तो मोहर्रम का महीना नए साल की शुरुआत होती है, लेकिन मोहर्रम माह को हजरत इमाम हुसैन की शहादत के लिए याद किया जाता है. मोहर्रम पर्व के चलते शुक्रवार को सिटी व मंडी क्षेत्र में ताजियों का चल समारोह निकाला गया. मुस्लिम समाजजन मोहर्रम माह की 10 तारीख को हजरत इमाम हुसैन की शहादत के रूप में याद करते हैं.**



शुजालपुर मंडी में सुबह से लेकर शाम तक लोग ताजिये की जियारत के लिए आते रहे. मंडी में दोपहर 3 बजे तक ताजिया मंडी की नूरानी जामा मस्जिद के समीप रखा गया. जहां सभी धर्म के श्रद्धालुओं ने जियारत करने के साथ चढ़ावा चढ़ाया और दुआ एवं प्रार्थना की. साथ ही वेयर हाउस रोड से सवारियां निकली और ताजिये भी अपने मुकाम से उठाए गए. इसके बाद ताजियों को जुलूस के साथ टेम्पो चौराहे पर जियारत के लिए रखा गया. रात को लगभग 10-11 बजे ताजियों को विसर्जन के लिए ले जाया गया.

**सिटी में निकला चल समारोह**

सिटी क्षेत्र में मोहर्रम पर्व का समापन शनिवार को होगा. मोहर्रम इंतजामिया कमेटी द्वारा नगर पालिका के सामने बस स्टेंड पर कलात्मक ताजिएदारों सहित उस्तादों व खलिफाओं का सम्मान किया जाएगा. शुक्रवार की दोपहर को विभिन्न स्थानों पर निर्मित किए गए ताजिए अखाड़ों के प्रदर्शन के साथ नदी किनारे पहुंचे. साथ ही सवारियां भी निकली. शाम को सभी ताजिए एक साथ अपने परम्परागत मार्गों से होते हुए सिटी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से गुजरे और रात्रि में बड़े बाजार में एकत्रिकरण हुआ. इस चल समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे. नागरिकों ने ताजियों का लोभान चढ़ाकर अगरबत्ती लगाते हुए दुआएं की. इस पर्व के चलते शांति व्यवस्था के लिए प्रशासनिक व पुलिस अमला मौजूद रहा.

## मरम्मत के दौरान दीवार गिरने से मजदूर घायल

**शाजापुर, 26 जून. दायरा मोहल्ला में शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे घर की मरम्मत के दौरान दीवार गिरने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया.**

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे मलबे से निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया. जानकारी के अनुसार 60 वर्षीय शत्रू पिता इमाम खान निवासी दायरा अपने ही घर में निर्माण और मरम्मत का काम कर रहे थे. इसी दौरान पास की कच्ची दीवार अचानक भरभराकर गिर गई और वे उसके नीचे दब गए. जिससे उसके सिर में चोट आई. घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया. जहां उसका उपचार किया जा रहा है.

## खेत की मेड़ को लेकर विवाद

**शुजालपुर, 26 जून.** खेत की मेड़ और हिस्से को लेकर हुए विवाद में तीन लोगों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है. पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार ग्राम ताजपुर गोरी निवासी 60 वर्षीय रमेश सिंह जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 जून की शाम करीब 4.30 बजे वह अपने पुत्र सुनील, शिवनारायण सिंह जाट, कनीराम सिंह जाट, जितेंद्र जाट एवं गोरीलाल जाट के साथ दरगाह वाले खेत पर खड़े होकर बातचीत कर रहे थे. इसी दौरान गांव के भूपेंद्र जाट, सुनील जाट एवं अरुण जाट वहां पहुंचे और खेत के स्वामित्व को लेकर विवाद करने लगे. शिकायत के अनुसार आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए कहा कि खेत उनका है. इस पर फरियादी ने नामांतरण हो जाने की बात कहते हुए अपने हिस्से का खेत लेने की समझाइश दी. इसी बात पर विवाद बढ़ गया और भूपेंद्र जाट व सुनील जाट ने डंडों से हमला कर दिया, जबकि अरुण जाट ने थप्पड़ और मुक्कों से मारपीट की. हमले में रमेश सिंह के सिर और बाएं हाथ में चोट आई. मारपीट के दौरान बीच बचाव करने पहुंचे गोरीलाल जाट पर भी सुनील जाट ने डंडे से हमला कर दिया, जिससे उनके दोनों हाथों में चोट आई. पुलिस ने फरियादी की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज एवं अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## 25 खाली शासकीय स्कूल भवन अन्य विभागों को सौंपे

**शाजापुर, 26 जून. जिले में सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय निर्मित होने से प्रा.वि, मा.वि भवन शिफ्टिंग किए जाने से रिक्त हुए 25 भवनों को अन्य विभाग को अस्थाई रूप से उपयोग किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है.**

जिला पंचायत अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार आंगनवाड़ी भवन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को एकीकृत मावि शेरपुरा, एकीकृत मावि फुलेन, प्राथमिक विद्यालय कोहलिया, एकीकृत मावि बदलपुर, एकीकृत मावि चापड़िया, मावि गाडराखेड़ी, प्राथमिक विद्यालय डुंगरपुरा, प्राथमिक विद्यालय भेरूपुरा, प्राथमिक विद्यालय हाफखेड़ा, प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुरा, प्राथमिक विद्यालय दशहराबर्डी, एकीकृत मावि खामखेड़ा एवं प्राथमिक विद्यालय ज्योतिनगर भवन की अनुमति प्रदान की गई है. इसी प्रकार राजस्व विभाग को एकीकृत कन्या मावि अकोदिया भवन की अनुमति प्रदान की गई है. एनआरएलएम कार्यालय एवं गतिविधि संचालन के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को शासकीय मावि निपानिया हिसामुद्दीन, शासकीय मावि लसुडल्या हेजम, शासकीय प्रावि कमलिया, शा.प्रावि छापरा चितोड़ा, शास प्रावि सटेण्डी, प्रावि धरमखेड़ा, प्रावि रतनपुरा, प्रावि टांडा देवास, प्रावि जोरापुरा एवं प्रावि रूपापुरा, मावि मूलीखेड़ा भवन की अनुमति प्रदान की गई है.

## छात्र अध्यापकों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

### जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में वार्षिकोत्सव संपन्न

**शाजापुर, 26 जून. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में गत दिवस वार्षिक उत्सव और डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्रों का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शिप्रे ने दी. मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. बालेंद्र श्रीवास्तव एवं विशेष अतिथि डीपीसी धीरज बीरथरिया, बीआरसी शाजापुर योगेश भावसार थे.**

स्वागत भाषण देते हुए डाईट प्राचार्य श्रीमती अनीता श्रीवास्तव ने छात्रों को दो वर्षों में सीखे गए अनुभव को अपने शिक्षकीय जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. जिला शिक्षा अधिकारी शिप्रे ने कहा कि छात्र अध्यापक यहां से जाकर कंपटीशन की तैयारी करें तथा पीएमश्री सीएम राइज और अच्छे विद्यालयों में जाकर विद्या अध्यापन का कार्य करें. डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि अच्छे शिक्षक शिक्षक में धैर्य होना बहुत महत्वपूर्ण है. धैर्यपूर्वक आप अपना कार्य समय के महत्व को समझते हुए कार्य समय पर करें. उन्होंने कहा कि धैर्य ही एक ऐसा गुण है, जो छात्र को घर, परिवार, समाज और अपने कर्तव्य स्थल पर सफल बनाता है. बीआरसी योगेश भावसार ने कहा कि अपने यहां पर जो सीखा है. भविष्य में उसको अपने कर्तव्य स्थल और घर तथा समाज में 100 प्रतिशत लगाने का प्रयास करें.

### संस्थान में बिताए दो वर्ष के संस्मरण सुनाए...

इस अवसर पर छात्र अध्यापकों को द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए. डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्रों ने संस्थान में बिताए गए दो वर्ष के संस्मरण सुनाए. संस्थान में पूरे वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र अध्यापकों को पुरस्कार वितरण किया गया. डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापकों ने समस्त स्टाफ एवं प्रथम वर्ष के छात्र अध्यापकों को स्मृति चिन्ह दिए तथा प्रथम वर्ष के सभी छात्र अध्यापकों ने द्वितीय वर्ष के छात्रा अध्यापक को स्मृति चिन्ह दिए. संचालन दीपक शर्मा ने किया.

## किसानों ने सीखे जीवामृत बीजामृत के गुर

**शाजापुर, 26 जून.** गत दिनों प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बस स्टैंड स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. यहां बड़ी संख्या में किसानों ने शामिल होकर जैविक खेती के बारे में जानकारी जुटाई. जिन्हें कृषि वैज्ञानिकों ने भी मार्गदर्शन देकर खेती किसानी के बारे में जरूरी जानकारी दी. कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक अरुण भीमावद ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती की बढ़ती आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि यह किसानों की उत्पादन लागत कम करती है, गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पाद प्रदान करती है और भूमि की उर्वराशक्ति बनाए रखती है.

**एक नजर में** — कलेक्टर न्यायालय ने धारा 115 के तहत सुनाया ऐतिहासिक फैसला

## अवैध निजी इंद्राज निरस्त, 41.678 हेक्टेयर भूमि शासकीय घोषित

**शाजापुर, 26 जून. प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप शासकीय जमीनों से अवैध कब्जे हटाने और भू अभिलेखों में हेरफेर को दुरुस्त करने के अभियान के तहत कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा एक ऐतिहासिक राजस्व आदेश पारित किया गया है. न्यायालय ने ग्राम गिरवर स्थित बहुमूल्य शासकीय पहाड़ एवं सार्वजनिक चरनोई चारागाह भूमि पर वर्षों से चले आ रहे अवैध निजी इंद्राजों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है.**

भैरव डूंगरी के पास स्थित ग्राम गिरवर की कुल भूमि जिसका रकबा 19.762 हेक्टर 98 बीघा भूमि जिसकी अनुमानित कीमत 9 करोड़ 17 लाख 60 हजार रुपए हैं. यह संपूर्ण भूमि अब शासकीय रिकॉर्ड में मध्य प्रदेश शासन के नाम पर दर्ज होगी. इसी प्रकार भैरव डूंगरी स्थित भूमि को कलेक्टर सुश्री बाफना द्वारा शासकीय दर्ज किए जाने का आदेश पारित किया गया है. कलेक्टर सुश्री बाफना द्वारा पूर्व में भी भैरव डूंगरी के पास स्थित ग्राम गिरवर के एक अन्य भूमि सर्वे क्रमांक 1178 रकबा 104 बीघा 18 बिस्वा अर्थात 21.916 हेक्टर जिसकी अनुमानित कीमत 9 करोड़ 70 लाख 40 हजार रुपए है, जो कि शासकीय भूमि वापस मध्य प्रदेश शासन के पक्ष में दर्ज किया जाने का आदेश दिया गया था. इस प्रकार अब तक कुल 41.678 हेक्टर भूमि जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 19 करोड़ रुपए है. उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ द्वारा याचिका खारिज होने के बाद कलेक्टर सुश्री बाफना ने गुणदोष पर अंतिम फैसला किया. तहसीलदार शाजापुर को राजस्व रिकॉर्ड सुधारने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं.

### साक्ष्य देने में असफल रहे अनावेदक

स्थगन समाप्त होने के बाद कलेक्टर न्यायालय द्वारा नैसर्गिक न्याय का पालन करते हुए अनावेदकगण को लिखित व मौखिक बहस का पूरा अवसर दिया गया. किंतु अनावेदक पक्ष इस सार्वजनिक और चरनोई भूमि पर अपना वैध मालिकाना हक साबित करने से संबंधित कोई भी दस्तावेजी या विधिक साक्ष्य प्रस्तुत करने में पूरी तरह असफल रहे.

### कलेक्टर न्यायालय द्वारा जारी मुख्य आदेश

ग्राम गिरवर के सर्वे क्रमांक 1179 के विभिन्न उप भागों यथा 1179/1/2/1, 1179/1/2/2, 1179/1/2/3, 1179/1/2/4, 1179/1/2/5, 1179/1/2/6, 1179/1/3, 1179/1/3/1 आदि में दर्ज समस्त अवैध निजी भूमिस्वामी प्रविष्टियों को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है. इस संपूर्ण क्षेत्र को सर्वसम्मत रूप से पुनः मध्यप्रदेश शासन की संपत्ति घोषित किया गया है. शासकीय और सार्वजनिक निस्तार चरनोई चारागाह की भूमियों पर किसी भी निजी व्यक्ति का अधिकार मान्य नहीं किया जा सकता. भू अभिलेखों में किसी भी समय हुई गंभीर विसंगतियों या धोखाधड़ी को सुधारने के लिए समय सीमा का कोई बंधन लागू नहीं होता. शासकीय संपत्तियों का संरक्षण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है.